सादर प्रकाशनार्थ

कोविड-19 की जंग में ब्रह्माकुमारीज के सदस्य सैनिक की तरह - कलेक्टर अविनाश लवानिया
आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों का शानदार आगाज
कोविड-19 जागरूकता हेतु बाइक रैली का हुआ आयोजन

भोपाल रोहित नगर 19 दिसम्बर 2021

आज घर घर जाकर लोगों को कोरोना के दूसरे डोज लगाने हेतु जागरूक करने की आवश्यकता है। जब आप सेकंड डोज लगाते है तो आप न केवल अपने आप को सुरक्षित करते हैं बल्कि आपने आसपास, बच्चे, बड़े बुजुर्ग सभी को सुरक्षित करते है। सेकंड डोज की बाद आप किसी और को यह बीमारी ट्रांसफर न करें आप इस स्थिति में होते हैं। ब्रह्माकुमारिज यह कार्य कर रही है इस हेतु वे बधाई के पात्र हैं। ब्रह्माकुमारीज द्वारा आज होशंगाबाद रोड के किनारे शांति के लिए जो मेडिटेशन का कार्य किया गया उससे शहर मे बहुत अच्छा संदेश जाएगा। मेडिटेशन से लोगों की मानसिकता मे परिवर्तन आएगा कि सड़कों पर हमको संयम रखना है, शांति से चलना है। इसके साथ ही कोविड की इस जंग मे आप सब सैनिक बनके खड़े हैं इसके लिए ब्रह्माकुमारिज के सदस्य बधाई के पात्र है। उक्त विचार ब्रह्माकुमारिज रोहित नगर द्वारा कोविड-19 जागरूकता हेतु आयोजित बाइक रैली के उद्घाटन समारोह में भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया जी ने व्यक्त किए।

कार्यक्रम में बरकतुल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति श्री आर जे राव ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज समाज सेवा हेतु सराहनीय कार्य कर रही है। बरकतुल्ला विश्वविद्यालय के सामने अमृत महोत्सव कार्यक्रमों का उद्घाटन आज बाइक रैली के माध्यम से हुआ है। ब्रह्माकुमारीज द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 75 कार्यक्रमों का संकल्प सराहनीय है।

इस अवसर पर भोपाल नगर निगम वार्ड 54 पार्षद श्रीमती सीमा यादव ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान सड़क सुरक्षा, योगा, कोरोना जागरूकता हेतु लगातार कार्य कर रहा है एवं इनके आयोजन लगातार होते रहते हैं जिसके माध्यम से समाज को लाभ पहुँच रहा है।

ब्रह्माकुमारीज रोहित नगर प्रभारी बी. के. डॉ. रीना बहन ने भोपाल शहर वासियों से कोरोना की तीसरी लहर को रोकने हेतु सतर्कता रखने का आह्वान किया है।

भारत की आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों के अंतर्गत रविवार दिनांक 19 दिसम्बर 2021 को ब्रह्माकुमारिज रोहित नगर द्वारा कोरोना बाइक रैली का आयोजन किया गया। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए यह बाइक रैली कोविड-19 के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से की गई।

बाइक रैली को प्रातः 10:30 पर बरकतुल्ला विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से कलेक्टर भोपाल श्री अविनाश लवानिया ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बरकतुल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति श्री आर जी राव, नगर निगम पार्षद श्रीमती सीमा यादव, ब्रह्माकुमारीज रोहित नगर प्रभारी बी. के. डॉ. रीना बहन मुख्य रुप से उपस्थित थे। बाइक रैली में सैंकड़ों बाइकर्स ने भाग लिया।

यह बाइक रैली बरकतुल्ला विश्वविद्यालय के सामने से प्रातः 10;30 प्रारंभ होकर आई एस बी टी बस स्टैन्ड , एम पी नगर, जेल रोड , पालीटेक्निक चौराहा, वी आई पी रोड, कोहेफिज़ा चौराहा, न्यू मार्केट, माता मंदिर रोड, विट्ठल चौराहा, सेवाय कॉम्प्लेक्स होती हुई ब्रह्माकुमारिज रोहित नगर भोपाल पहुची। ब्रह्माकुमारिज के सदस्यों द्वारा बाइक रैली के रास्ते मे लोगों को मास्क का वितरण किया गया। रास्ते मे कोरोना जागरूकता हेतु नारे लगाए गए साथ ही लोगों को कोरोना दिशा निर्देशों के पालन की जानकारी दी गई।

ब्रह्माकुमारिज रोहित नगर पहुचने पर रैली का भव्य स्वागत किया गया साथ ही बाइक रैली के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

बी. के. डॉ. रीना
ब्रह्माकुमारिज रोहित नगर
भोपाल
9425376197
7773011968